प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 31.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में ज्ञान भारतम अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के मलहार में मिले दुर्लभ तांबे की पट्टिकांओं का किया जिक्र–जशपुर के धावक अनिमेष कुजूर से की बात।

2– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रदेश में खाद बीज की कमी नहीं है।

3– छत्तीसगढ़ में जनगणना के पहले चरण के तहत मकानसूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य तीस मई तक पूरा कर लिया गया है।

और

4– प्रदेष में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम और उपचुनाव के तहत कल एक जून को होगा मतदान।

...........

**मन की बात–01**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश की अमूल्य धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है। आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि ज्ञान भारतम अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के मल्हार में छठी–सातवीं शताब्दी के पांडु वंश के महर्षि बलार्जुन से जुड़ी दुर्लभ तांबे की तीन पट्टिकांए भी मिली हैं।

**'ज्ञान भारतम् अभियान' के तहत छत्तीसगढ़ के मल्हार में भी एक महत्वपूर्ण खोज हुई है। यहां तीन दुर्लभ ताम्र पट्टिकाएं मिली हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि ये इन्सिक्रप्शंस छठी–सातवीं सदी के हैं। ये ताम्र पट्टिकाएं प्राचीन ब्राह्मी लिपि और पाली भाषा में लिखी गई हैं। इनसे उस समय की शासन–व्यवस्था, धर्म और संस्कृति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है।**

प्रधानमंत्री ने रांची में आयोजित राष्ट्रीय वरिष्ठ एथलेटिक्स महासंघ प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के घुइटांगर निवासी, 100 मीटर दौड़ में रिकॉर्ड तोड़ने वाले अनिमेष कुजूर से भी बात की।

**नमस्ते सर, मेरा नाम अनिमेष कुजूर है। 200 मीटर और 400 मीटर का नेशनल रिकॉर्ड होल्डर हूँ। मैं छत्तीसगढ़ से बिलोंग करता हूँ सर। एंड अभी मैं उड़ीसा से खेलता हूँ। मैं लास्ट ईयर एशियन मेडल और वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स मेडल लेकर आया। मैं एथलेटिक्स 2021 से चालू किया। फुटबॉल के जो फ्रेंड्स थे उन्होंने मुझे बोला कि स्टेट मीट होने वाला है जाके तू पार्टिसिपेट कर एंड मैं पार्टिसिपेट किया। मैं वहाँ**

**से नेशनल में सलेक्ट हुआ। इंडिया को रिप्रेजेंट कर रहा हूँ इंटरनेशनली।**

**मन की बात–02**

श्री मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

**इस समय देश के ज्यादातर हिस्सों में बहुत गर्मी पड़ रही है। तेज धूप, गर्म हवाएँ, ऐसे मौसम में अपना ध्यान रखना बहुत जरूरी है। पानी पीते रहिए। धूप में अगर निकलना ही पड़े तो थोड़ा संभल कर निकलें। इस दिशा में सरकार की भिन्न–भिन्न डिपार्टमेंट्स ने जो गाइडलाइन्स जारी की हैं वो भी भूलियेगा नहीं।**

प्रधानमंत्री ने लोगों से गर्मी से राहत के लिए आम पन्ना, छाछ, लस्सी, सत्तू, शरबत, बेल पन्ना, पनाकम, नीर मोर, सांभरम, कोकम शरबत और सोल कढ़ी का सेवन करने की अपील की है।

**मन की बात–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और आमजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज जशपुर जिले के घुइटांगर गांव के युवा धावक अनिमेष कुजूर की उपलब्धि का उल्लेख कर प्रदेश के युवाओं को यह संदेश दिया है कि सीमित संसाधन किसी प्रतिभा की उड़ान को रोक नहीं सकते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय मंच से प्रदेश की प्रतिभा और सांस्कृतिक धरोहर दोनों का उल्लेख कर पूरे छत्तीसगढ़ का सम्मान बढ़ाया है।

गौरतलब है कि अनिमेष कुजूर ने सौ मीटर दौड़ मात्र दस दशमलव एक–पांच सेकंड में पूरी कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया है और राष्ट्रमंडल खेल–दो हजार छब्बीस के लिए क्वालीफाई कर प्रदेश तथा देश का गौरव बढ़ाया है।

**मुख्यमंत्री–सुशासन तिहार**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार के तहत आज दुर्ग जिले में आयोजित कार्यक्रम में सात सौ सैंतीस करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों

का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं के विस्तार और विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के सरकार के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगी।

मुख्यमंत्री ने आज दुर्ग में आईटी पार्क का उद्घाटन भी किया। आईआईटी भिलाई, नगर निगम और राज्य सरकार के सहयोग से निर्मित यह आईटी पार्क युवाओं के लिए रोजगार, नवाचार और स्टार्टअप के नए अवसरों का केंद्र बनेगा।

बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खाद बीज की कमी नहीं है।

## खेत बचाओ अभियान

खेत बचाओ अभियान देषभर में कल एक जून से तीस जून तक चलाया जाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री षिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि खेत बचाओ अभियान में खेतों, किसानों और गांवों को जोडते हुए इसे व्यापक राष्ट्रीय अभियान बनाया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में खेत बचाओ अभियान की तैयारियों के संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य ध्यान उर्वरकों का संतुलित और उचित प्रयोग, मौसम की चुनौतियों के मद्देनजर किसानों को समय पर परामर्ष, पंचायत स्तर पर किसानों की सक्रिय भागीदारी तथा गांवों को सीधे योजनाओं के लाभ पर केंद्रित होना चाहिए।

## छत्तीसगढ़—जनगणना

देशभर में इन दिनों जनगणना—दो हजार सत्ताईस का कार्य दो चरणों में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में जनगणना के पहले चरण के तहत मकानसूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य तीस मई तक पूरा कर लिया गया है। प्रगणकों ने घर—घर जाकर तैंतीस प्रश्नों के आधार पर मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से संकलित की। राज्य में यह अभियान तैंतीस जिलों, दो सौ बावन तहसीलों, एक सौ पंचानवे नगरीय निकायों और उन्नीस हजार से अधिक गांवों में चलाया गया। जनगणना कार्य में बासठ हजार से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

प्रदेश के जनगणना निदेशक ने अभियान की सफलता के लिए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी व्यक्तिगत जानकारियां जनगणना अधिनियम के प्रावधानों के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी।

गौरतलब है कि जनगणना का दूसरा चरण फरवरी दो हजार सत्ताईस से शुरू होगा।

## त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव

प्रदेष में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम और उपचुनाव के तहत कल एक जून को मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान के लिए सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। इन चुनावों के लिए शनिवार रात

बारह बजे प्रचार थम गया। इसके बाद से प्रत्याषी घर–घर जाकर संपर्क कर रहे हैं।

गौरतलब है कि नगरीय निकायों में कुल दो सौ चालीस और त्रिस्तरीय पंचायतों में कुल तीन सौ बयानवे अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंच के छह सौ चालीस पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया था। इस तरह से एक जून को एक सौ सात पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। वहीं, सरपंच के पंद्रह पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ हैं शेष चौंतीस पदों पर मतदान होगा। इसी तरह, जनपद सदस्य के दस पदों के लिए एक जून को मतदान होगा। नगरीय निकाय चुनाव के तहत पार्षद के कुल इकहत्तर और अध्यक्ष पद के पांच स्थानों के लिए मतदान होगा। नगरीय निकाय चुनाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मषीन–ईव्हीएम के  माध्यम से और पंचायत चुनाव के लिए मतपेटी के माध्यम से मत डाले जाएंगे।

**युवक–मौत**

कोरबा जिले में कल शाम तीन युवकों पर पेड़ का एक हिस्सा गिर गया।इस हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पाली थाना क्षेत्र के चोरकादांड गांव में बारिश और तेज हवाओं से बचने के लिए के ये तीनों युवक पेड़ के नीचे खड़े थे। इसी दौरान तेज आंधी के कारण पेड़ का एक हिस्सा टूटकर सीधे उनके ऊपर गिर गया, जिसमें दबकर तीनों युवकों की मौत हो गई।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**आज विश्व तंबाकू निषे**ध दिवस है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर स्थित शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली, पोस्टर और रील प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्रों ने तंबाकू निषेध का संदेश दिया। साथ ही दंत चिकित्सकों ने लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया।

वहीं, समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रदेषवासियों से तंबाकू और अन्य नषीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नषे की लत से बचाने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

– केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने आज नवा रायपुर में राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान रायपुर की गतिविधियों और उपलब्धियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने वैज्ञानिकों से प्रदर्शनों और प्रभावी विस्तार तंत्र के माध्यम से नई विकसित कृषि प्रौद्योगिकियों को खेतों तक स्थानांतरित करने के प्रयासों को तेज करने के निर्देश दिए।

–  उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज कबीरधाम जिले के ग्राम राम्हेपुर में आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती समारोह में शामिल हुए।

–  गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के पेंड्रा क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद आज आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने मृतक का शव रखकर चक्काजाम किया।

और

–  कबीरधाम जिले के ग्राम बैहरसरी से एक युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>